# राजकीय विभागों को भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा

गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- गजसिंहपुर में खेल स्टेडियम के लिये भूमि चिन्हीकरण के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए
- सीमा ज्ञान से संबधित, राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। राजस्व अधिकारियों की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु लम्बित भूमि आवंटन के प्रकरणों के तहत अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा के साथ-साथ सीमा सड़क संगठन (ग्रेफ) संबंधी भूमि अवाप्ति प्रकरणों, सेना रक्षा सम्पदा अधिकारी बीकानेर, सीमा सुरक्षा बल संबंधी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों और राजकीय विभागों को भूमि आंवटन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर ने ई-फाईलिंग की समीक्षा करते हुए सीएम प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने एवं विभागीय लंबित प्रकरणों को संबंधित अधिकारी अपने समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कर्मयोगी पोर्टल की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कार्यालयों में अधीनस्थ स्टाफ के शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम, तहसीलदार, उप तहसील में बूथ पर जाकर निरीक्षण करेंगे तथा स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों में जागरूकता और विशेष अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें।

गजसिंहपुर में खेल स्टेडियम के लिये भूमि चिन्हीकरण के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। भू-संपरिवर्तन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए ब्लॉक के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे समय सीमा के अंतर्गत इनका निस्तारण करें। राजकीय विभागों के भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लालगढ़ जाटान में जोधपुर विद्युत वितरण निगम के कार्यालय को लेकर चर्चा की गई। सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि लम्बित प्रकरणों का निस्तारण नियमानुसार करें।

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 183 बी एवं 183 सी एवं 175 के प्रकरणों को देखते हुए अनुसूचित जाति, जनजाति के काश्तकारों की भूमि पर किये गये कब्जे को हटाकर पुनः अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के प्रकरणों की ब्लॉकवार समीक्षा की गई। जमाबंदी सेग्रीगेशन, सर्वे रिसर्वे/ई-गिरदावरी की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने नामान्तकरण प्रकरणों एवं शेष प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। सीमा ज्ञान से संबधित, राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति और बकाया प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा कर जीसीएमएस पोर्टल को अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों में औसत निस्तारण समय, राहत और संतुष्टि प्रतिशत को बढ़ाते हुए उक्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जनसुनवाई और रात्रि चौपाल के दौरान राजस्व से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। अधिकारी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन रीना, एडीएम सतर्कता नरेन्द्र पाल सिंह, एसडीएम सूरतगढ़ संदीप काकड़, एसडीएम गंगानगर रणजीत कुमार, एसडीएम सादुलशहर रवि कुमार, एसडीएम पदमपुर अजीत गोदारा, एसीएम स्वाति गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी नीरज शर्मा, डीएलआर हेमराज सोनी, तेलूराम बावरी, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य मौजूद थे।

## आर.ए.सी. में उपाध्यक्ष रहे ओहरी का निधन

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव और उपाध्यक्ष रह चुके अशोक ओहरी का निधन हो गया। वे काफी लम्बे समय से बीमार चल रहे थे।

ओहरी को लेकर परिजन गुरूवार सुबह ही दिल्ली से बीकानेर के लिए रवाना हुए थे। बीकानेर पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। देर रात उनका शव जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचेगा।

मूल रूप से बीएसएनएल में काम करने वाले अशोक ओहरी को पूरे राजस्थान में क्रिकेट प्रबंधन के रूप में पहचान मिली थी। देश में टी-20 क्रिकेट शुरू करने वाली टीम में ओहरी भी शामिल थे। हालांकि वो उस समय राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में किसी पद पर नहीं थे, लेकिन ललित मोदी के सहयोगी के रूप में उन्होंने काम किया।

ओहरी के कारण ही बीकानेर में क्रिकेटर तैयार हुए और बड़े राष्ट्रीय मैच में खेल भी सके। रणजी क्रिकेट टूर्नामेंट में उनके दिशा निर्देश में ही बीकानेर के कई खिलाड़ी खेल चुके हैं। बीकानेर में विख्यात रही विल्स ट्रॉफी ओहरी के नेतृत्व में ही बीकानेर में आयोजित हुई। इसके अलावा देवधर ट्राफी भी उन्होंने ही बीकानेर में आयोजित की थी। ओहरी के कारण ही बीकानेर में क्रिकेट के कई मैदान तैयार किए गए। बीकानेर रेलवे ग्राउंड में भी अधिकांश काम उनके निर्देशन में हुए। इसके अलावा सार्दुल क्लब में क्रिकेट मैदान भी ओहरी के दिशा निर्देशन में ही तैयार हुए।

## सार-समाचार

### लेबर रूम व मैटरनिटी ओ.टी. जांची

पीबीएम अस्पताल में लेबर रूम व मैटरनिटी ओ.टी. का डॉ. तरूण चौधरी ने निरीक्षण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भारत सरकार के लक्ष्य प्रमाणन कार्यक्रम के अंतर्गत पीबीएम अस्पताल के लेबर रूम तथा मैटरनिटी ऑपरेशन थिएटर को प्रमाणित करने के उद्देश्य से निदेशालय जयपुर के मातृत्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ तरूण चौधरी ने टीम सहित अस्पताल का निरीक्षण तथा मूल्यांकन किया। राजकीय चिकित्सालय में गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं के संदर्भ में डॉ चौधरी ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग अध्यक्ष डॉ स्वाति फलोदिया, डॉ पारुल प्रकाश तथा डॉ अनीता शर्मा सहित नर्सिंग अधीक्षक एवं स्टाफ के साथ प्रत्येक बिन्दु पर समीक्षा की। उन्होंने आवश्यकता अनुसार कुछ बिन्दुओं पर सुधार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अधिकारी सुशील कुमार, जिला गुणवत्ता प्रबंधक सुनील सेन, सहयोगी संस्था यूएनएफपीए जपाईगो की ओर से गुंजोत सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। डॉ तरूण चौधरी ने जानकारी दी कि लक्ष्य प्रमाणित होने पर लेबर रूम व ओटी को प्रतिवर्ष 12 लाख रूपए की दर से 3 साल तक कुल 36 लाख रूपए मिलेंगे। जिन्हें सेवा विस्तार व उन्नयन के लिए उपयोग किया जा सकेगा।

### विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का प्रशिक्षण

रानी बाजार स्थित नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्र पर डॉ. हरमीत सिंह ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का प्रशिक्षण दिया।

**बीकानेर,**(कासं)। राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर के विद्यार्थियों द्वारा नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत रानी बाजार स्थित नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्र पर जाकर विषय विशेषज्ञ से प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर भगवान राम विश्नोई ने बताया कि महाविद्यालय की सहायक आचार्य एवं इस अभियान की नोडल अधिकारी डॉ रितु चौधरी के नेतृत्व में महाविद्यालय से नामित 30 विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति / पुनर्वास केन्द्र जाकर डॉक्टर हरमीत सिंह से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की। डॉक्टर हरमीत सिंह ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि नशा एक रोग है जिसका इलाज समय पर एवं उचित तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करते हुए नशा रोग की विभिन्न अवस्थाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया जिससे कि वे जान सके कि व्यक्ति नशे की गर्त में कितना डूब चुका है। उन्होंने नशे की 8 अवस्थाओं जैसे ग्रहण करना, मजा आना, दोबारा अथवा बार-बार लेना, स्थाई क्षति एवं विनाश की अवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# पी.ओ.पी. इंडस्ट्रीज के प्रदूषण को लेकर विवाद बढ़ा

- औद्योगिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, सड़क और रोड लाइट के मुद्दे को लेकर उद्यमी और रीको अधिकारी आमने-सामने

**बीकानेर,** (कासं)। खारा गांव में पीओपी इंडस्ट्रीज के प्रदूषण को लेकर विवाद बढ़ गया है। औद्योगिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, सड़क और रोड लाइट के मुद्दे को लेकर उद्यमी और रीको अधिकारी आमने-सामने हो गए हैं।

उद्यमियों का कहना है कि प्रदूषण को कम करने के लिए वे हरसंभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन एरिया में साफ- सफाई की जिम्मेदारी रीको की है, जो नहीं की जा रही है। इसके लिए हर साल उद्यमी 7 से 12 रूपए प्रति मीटर के हिसाब से अपने भूखंड का सर्विस चार्ज भी दे रहे हैं। जबकि रीको का कहना है कि यह झूठ है।

उद्यमियों पर सर्विस चार्ज के सात करोड़ रूपए से अधिक बकाया पड़े हैं। इस साल 80 लाख रूपए की रिकवरी निकाली है। उद्योग संघ को सूची भेजकर वसूली के लिए कहा तो पीछे हट गए। बहरहाल रीको औद्योगिक क्षेत्र में सुविधाओं को लेकर मामला गरमा गया है। खारा, बीछवाल, करणी औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कें टूटी पड़ी हैं। फैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है।

करणी विस्तार में फैक्ट्रियों से निकलने वाला कैमिकल युक्त पानी कई बीघा में फैला हुआ है। कृषि विश्वविद्यालय परिसर तक के बुरे हालात हैं। प्रदूषण के मामले में एनजीटी रीको पर चार करोड़ से अधिक की पेनल्टी लगा चुका है। वायु प्रदूषण कम करने को लेकर खारा उद्योग संघ की मीटिंग भी हुई। शाम को 4.30 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक फैक्ट्रियां बंद रहेंगी। ग्रामीणों के सहयोग से पौधरोपण और सफाई अभियान चलाया जायेगा। रीको पर दबाव बनाकर सड़कों की मरम्मत तथा सफाई का काम कराया जायेगा। सभी फैक्ट्री मालिक अपने परिसर और सड़क पर पानी का छिड़काव करायेंगे।

खारा उद्योग संघ के अध्यक्ष परविंदर सिंह का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में सफाई, मेंटिनेंस, सड़क, पानी, बिजली, गंदे पानी की निकासी आदि मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना रीको का काम है। इसके बदले रीको हमसे 7 से 12 रूपए प्रति मीटर की दर से सर्विस चार्ज वसूल रहा है। फिर भी पूरा एरिया बदहाल है।

रास्तों पर पीओपी का पाउडर बिखरा रहता है, जिसकी सफाई तक नहीं कराई जाती। इतने सालों में आज तक एरिया में झाड़ू नहीं लगी। कीकर के पेड़ ही पेड़ हो गए हैं। झाड़ियों के कारण रास्ते अवरूद्ध हो जाते हैं। रात में रोड लाइट की व्यवस्था नहीं है।

## शिक्षक नेता श्रवण पुरोहित का सड़क हादसे में निधन

**बीकानेर,** (कासं)। रिडमलसर गांव के पास सड़क दुर्घटना में शिक्षक नेता श्रवण पुरोहित की मौत हो गई। वे बाइक पर नापासर जा रहे थे। उसी दौरान एक बोलेरो की टक्कर से उनकी मौत हो गई। पुरोहित के साथ उनके चचेरे भाई रतनलाल पुरोहित भी थे। हादसे में उनकी भी जान चली गई।

शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित अपने चचेरे भाई रतनलाल पुरोहित के साथ बाइक पर नापासर विवाह समारोह में जा रहे थे। रिडमलसर गांव के पास सामने से आ रही एक बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर लाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। वे दोनों एक विवाह समारोह में मायरा समारोह में शामिल होने नापासर जा रहे थे कि तेज गति से आ रही बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी।

# तीन पिस्टल व दो कारतूस सहित तीन जने गिरफ्तार

- महाजन थाना पुलिस को इत्तला मिली थी कि इलाके में संदिग्ध बदमाश अवैध पिस्टल लिये घूम रहा है

**बीकानेर,** (कासं)। रेंज आईजी ओमप्रकाश के निर्देश पर अवैध हथियार के खिलाफ चलाये गये अभियान के तहत जिले की जामसर और महाजन पुलिस ने अलग- अलग कार्रवाई कर तीन अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूसों के साथ तीन बदमाशों को हिरासत में लिया।

तीनों से कड़ी पूछताछ में अभी कई ओर अपराधियों से अवैध हथियार बरामद हो सकते है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महाजन थाना पुलिस को इत्तला मिली थी कि संदिग्ध बदमाश इलाके में अवैध पिस्टल लिये घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इलाके दबिश देकर सरदारशहर के गांव बेजासर निवासी दुलाराम पुत्र पेमाराम जाट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर देशी पिस्टल बरामद किया।

वहीं जामसर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2 देशी पिस्टल व एक कारतूस सहित हथियार सप्लायर्स समेत दो को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई दो अलग-अलग जगहों पर की गई। जिसमें कतरियासर के पास से 25 वर्षीय महेन्द्र मेघवाल को पकड़ा। जिसके पास से एक अवैध पिस्टल जब्त की गई।

वहीं 26 साल के नानूराम मोमासर निवासी को गिरफ्तार किया गया है। इससे एक पिस्टल व एक कारतूस बरामद किया है। इस कार्रवाई में हैड कानि. विनोद कुमार, कानि बलवीर, हनुमानराम, कैलाश, राजेश, जितेन्द्र कुमार व हजारी शामिल थे।

## शहीदी गुरूपर्व पर प्रभात फेरी

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। गुरू तेगबहादुर के शहीदी गुरूपर्व पर 24 नवम्बर से प्रभात फेरी निकाली जायेगी।

प्रभात फेरी विनोबा बस्ती स्थित गुरूद्वारा कलगीधर साहिब से प्रतिदिन सुबह 5 बजे निकलेगी। छह दिसम्बर को सुबह 7 बजे गुरूद्वारा परिसर से नगर कीर्तन निकला जायेगा। यह नगर कीर्तन मुख्य मार्गों से होते हुए गुरूद्वारा पहुंचेगा।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** : एस.एण्ड.टी.-बी.के.एन. ईटी-305 **कार्य का नाम व स्थान** : बीकानेर मंडल के हिसार-सादुलपुर खंड पर किमी 29.350 पर LC-23 के स्थान पर ROB की व्यवस्था के लिए S&T से संबद्ध कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू. 3265791.43 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रू.में)** : 65300.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : **18.12.2024** को **15.00** बजे तक **वेब साइट** जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है : www.ireps.gov.in

**1357-DR/24**

हमें /NWRailways @NWRailways_पर फॉलो करें


# शादी समारोह से गहनों व रूपयों से भरा बैग चोरी

- एक महिला गहनों व रूपयों से भरा बैग पार करते कैमरे में कैद हो गई

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के गंगाशहर थाना इलाके में एक महिला विवाह समारोह से गहनों व रूपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गई।

चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह एक महिला बैग को लेकर भाग रही है। जानकारी मिली है कि संपत पैलेस में शांतिलाल सेठिया के पुत्र चिरंजीव सेठिया का विवाह है। जिसमें मायरे का कार्यक्रम चल रहा था कि इस दौरान हरी साड़ी पहनी एक महिला कार्यक्रम का हिस्सा बनी और मौका पाकर एक बैग को उठा लिया। इस बैग में करीब दो से तीन लाख रूपये के गहने और नकदी रूपये थे। जिसे उठाकर महिला पिछले दरवाजे से रफूचक्कर हो गई। जब परिवार वालों की इसकी भनक लगी तो उनके होश उड़ गये और उन्होंने भवन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो सारा मामला सामने आया। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले ही एक युवक भी इसी तरह भवन में घुस गया और भवन की दूसरी मंजिल पर पहुंच एक कमरे से आईफोन लेकर भागने की फिराक में था कि परिवार के किसी सदस्य की नजर पड़ गई। युवक को पकड़कर गंगाशहर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। पांचू थाना पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में वांछित तीन आरोपियों को टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ ट्यूबवैल, कृषि यंत्र और तारबंदी चोरी के मामले दर्ज हैं।

पांचू थाना अधिकारी रामकेश मीना के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित टीमों ने आज चोरी के दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में सारूण्डा में शंकरलाल पुत्र कानाराम के खेत में ट्यूबवैल की केबल और कृषि यंत्र चोरी करने के मामले में आरोपी मोहनराम और कोजाराम निवासी सारूण्डा को गिरफ्तार किया गया है। दूसरे मामले में पांचू निवासी बच्छराज के खेत से पट्टे और पट्टिया समेत तारबंदी का तार चोरी करने के मामले में भैराराम निवासी पांचू को गिरफ्तार किया है।

# 'सरसों की फसल में पहली सिंचाई एक माह से पूर्व न करें'

- एसकेआरएयू के कृषि अनुसंधान केन्द्र ने सरसों फसल को लेकर एडवाइजरी जारी की

**बीकानेर,** (कासं)। एसकेआरएयू के कृषि अनुसंधान केन्द्र ने सरसों को लेकर एडवाइजरी जारी की है। किसान अगर इसकी पालना करेंगे तो निश्चित ही सरसों की फसल अच्छी होगी।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए सदैव तत्पर हैं। समय-समय पर विभिन्न फसलों को लेकर एडवाइजरी जारी की जाती है ताकि फसल अच्छी हो और किसानों की आय बढ़े।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ एच.एल.देशवाल ने शुक्रवार को सरसों की फसल को लेकर एडवाइजरी और मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि सलाह जारी करते हुए बताया कि सरसों की फसल में पहली सिंचाई एक माह से पूर्व न करें। अगर सरसों की फसल में जल्द सिंचाई की जाती है तो कालर रॉट बीमारी का खतरा बढ़ जायेगा। अत्यधिक तापमान के कारण इस समय सरसों की फसल में पहली सिंचाई जल्द करने पर कालर रॉट नामक बीमारी का खतरा बढ़ गया है, जिससे फसल झुलसने की संभावना बन रही है।

डॉ देशवाल ने बताया कि भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार सरसों की फसल में पहली सिंचाई करते समय भूमि में नमी की स्थिति को ध्यान में रखें और केवल आवश्यकता अनुसार ही सिंचाई करें। किसानों को यह सलाह दी जाती है कि भूमि की नमी को 4-5 सेंटीमीटर गहराई पर जांचने के बाद ही सिंचाई करें। अत्यधिक सिंचाई से बचें, क्योंकि इससे फसल में कालर रॉट बीमारी की संभावना बढ़ जाती है।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2024/3727 दिनांक : 22/11/2024

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री सोमेश मक्कड़ पुत्र श्री बुद्धप्रकाश मक्कड़ निवासी क्वाटर नं. 11, टाईप-3, बीएसएनएल कॉलोनी, सैक्टर नं. 7, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 39/41 किला नं. 03 में माप 14.3 इन्ट 58 फीट, भूखण्ड संख्या ए-21 फार्ट बी, लक्ष्मीनगर, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 7006 दिनांक 17.11.2017 को श्री नरेश कुमार पुत्र श्री हरीराम के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री सोमेश मक्कड़ द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 07.06.2019 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री सोमेश मक्कड़ पुत्र श्री बुद्धप्रकाश मक्कड़** निवासी क्वाटर नं. 11, टाईप-3, बीएसएनएल कॉलोनी, सैक्टर नं. 7, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/1045 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर (राजस्थान)**

क्रमांक:- नियमन/2024/3725 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22/11/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है **श्रीमती रीना रानी पत्नी श्री गोविंद राम निवासी गांव 2 बीबी, पोस्ट ऑफिस 32 बीबी, तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 12 किला नं. 21, 22 में माप 30 इन्टू 60 फीट, भूखण्ड संख्या एच-36, किंग्स एवेन्यू श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 12275 दिनांक 02.10.2021 को शैफी बजाज पुत्री श्री जोगेन्द्र कुमार बजाज के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती रीना रानी द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15.01.2024 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है। इस सम्बन्ध **श्रीमती रीना रानी पत्नी श्री गोविंद राम निवासी गांव 2 बीबी, पोस्ट ऑफिस 32 बीबी, तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/ फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

**आवेदन संख्या : SGNR/FY24-25/MUT/1058** - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3724 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.11.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना यादव पत्नी श्री संजय यादव एवं श्री आर्यन यादव पुत्र श्री संजय यादव निवासी चक 2 एमएल, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण | जायज वारिसों का विवरण | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 15 किला नं. 13, 14 में माप 30 इंटू 60 फीट, भूखंड संख्या बी-25, रिद्धि सिद्धि-2, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा सं. 4868 दिनांक 29.12.2015 को श्री संजय यादव पुत्र श्री जियाराम यादव के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री संजय यादव की मृत्यु दिनांक 18.3.2016 को हो चुकी है। | 1. मीना यादव - पत्नी 2. आर्यन यादव - पुत्री | श्री संजय यादव की मृत्यु उपरांत श्रीमती मीना यादव एवं श्री आर्यन यादव द्वारा वारिस प्रमाण पत्र व पट्टे की प्रति प्रस्तुत कर भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती मीना यादव पत्नी श्री संजय यादव एवं श्री आर्यन यादव पुत्र श्री संजय यादव निवासी चक 2 एमएल, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पटटे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1049 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


# डॉ. टैस्सीटोरी अपनी मातृभाषा इटालियन से अधिक प्यार राजस्थानी को देते थे : रंगा

टैस्सीटोरी की पुण्यतिथि पर उनकी मजार पर श्रद्धांजलि अर्पित करते राजस्थानी के साहित्यकार

- टैस्सीटोरी की पुण्यतिथि पर दो दिवसीय ओलू समारोह का आगाज

**बीकानेर,** (कासं)। प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ द्वारा राजस्थानी भाषा साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व के महान विद्वान डॉ. लुईजि पिओ टैस्सीटोरी की 105 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दो दिवसीय ओलू समारोह का आगाज आज प्रातः उनकी समाधि स्थल पर गत साढे चार दशकों की परंपरा में पुष्पांजलि-विचारांजलि के माध्यम से उन्हें नमन-स्मरण करने के साथ हुआ।

समारोह के पहले दिन की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ राजस्थानी साहित्यकार एवं राजस्थानी मान्यता आंदोलन के प्रवर्तक कमल रंगा ने कहा कि टैस्सीटोरी सांस्कृतिक पुरोधा एवं भारतीय आत्मा थे। उन्होंने राजस्थानी मान्यता का बीजारोपण 1914 में ही कर दिया था परन्तु दुखद पहलू यह है कि आज भी इतनी समृद्ध एवं प्राचीन भाषा को संवैधानिक मान्यता न मिलना साथ ही प्रदेश की दूसरी राजभाषा न बनना करोड़ों लोगों की जनभावना को आहत करना है। ऐसे में राजस्थानी को दोनों तरह की मान्यताएं शीघ्र मिलनी चाहिए। रंगा ने कहा कि डॉ टैस्सीटोरी राजस्थानी भाषा साहित्य-संस्कृति कला आदि को सच्चे अर्थों में जीते थे। वे अपनी मातृभाषा इटालियन से अधिक प्यार राजस्थानी को देते थे। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ इतिहासविद् डॉ. फारूक चौहान ने ने अपनी विचारांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. एल.पी. टैस्सीटोरी जनमानस में राजस्थानी भाषा की अलख जगाने वाले महान साहित्यिक सेनानी थे। उन्होंने साहित्य, शिक्षा, शोध एवं पुरातत्व के क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण कार्य करके हमारी संस्कृति एवं विरासत को पूरे विश्व में मशहूर कर दिया। समारोह